# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अम्बेडकरनगर।

चरित्र विकास भवन साबुन गली अकबरपुर-224122 eeupjn.cdambedkarnagar@gmail.com


पत्रांकः- 6134 / विविध-09 / 76 दिनांक-24/07/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषयः-** सोशल मीडिया में प्रकाशित शीर्षक **"आलापुर में जल जीवन मिशन बना कमीशन का अड्डा"** करोडो का घोटाला, टंकी के नाम पर खड़े किये पिंजरे; सड़के भी नहीं बनी के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक सोशल मीडिया में प्रकाशित शीर्षक **"आलापुर में जल जीवन मिशन बना कमीशन का अड्डा"** करोडो का घोटाला, टंकी के नाम पर खड़े किये पिंजरे; सड़के भी नहीं बनी की आख्या निम्नवत है-

| क्र0सं0 | प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|---|
| 1. | अम्बेडकरनगर के आलापुर तहसील में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। आरोप है कि 'हर घर नल' योजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद, यहां के दर्जनों गांवों में लोगों को आज भी पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। रामनगर ब्लॉक के बहरामपुर, परसौना और अन्नापुर सहित कई गांवों में पानी की टंकी निर्माण में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि टंकियों के नाम पर सिर्फ ढाँचे खड़े किए गए हैं, जिनमें घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ है। घटिया ईंट, बिना सरिया के कॉलम और मिट्टी मिला सीमेंट का उपयोग किया गया है, जिसके कारण कई टंकियों की दीवारों में दो महीने के भीतर ही दरारें आ गई हैं। योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए गांवों की सड़कें और संपर्क मार्ग खोद दिए गए थे। आरोप है कि कार्यदायी संस्था ने भुगतान लेने के बाद इन सड़कों की मरम्मत नहीं की, जिससे वे अब गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई हैं और दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं। जल जीवन मिशन के अधिकारियों पर भी गंभीर आरोप लगे हैं। बताया गया है कि अधिशासी अभियंता और उनकी टीम ने कभी भी निर्माण स्थलों का दौरा नहीं किया। इसके बजाय, कागजों पर फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट लगाकर करोड़ों रुपये का भुगतान उठा लिया गया। भाजपा रामनगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष अभिषेक निषाद ने इसे 'सरकारी धन की खुली लूट' करार दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री, जलशक्ति मंत्री और नमामि गंगे के सचिव को शिकायती पत्र भेजकर इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पिछले पांच साल में करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद, आलापुर की जनता आज भी स्वच्छ पेयजल के लिए तरस रही है। यह मामला अब लखनऊ तक पहुंच गया है, जहां उच्चाधिकारियों से इसकी गहन जांच की मांग की गई है। | उक्त प्रकाशिक खबर के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि आलापुर तहसील के अन्तर्गत कुल जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 110 नग पेयजल योजनाए स्वीकृत है । जिसमें 383 गांव सम्मलित है जिसमें से 47 नग पेयजल योजनाओं से सम्मलित 142 गांव को नियमित जलापूर्ति की जा रही है। 18 नग पेयजल योजनाओं पर ट्रायल रन का कार्य प्रगति पर है ! शेष 45 नग पेयजल योजनाओं निर्माणाधीन है। खबर में प्रकाशित ग्राम बरहामपुर जोकि विमावल पेयजल योजना में सम्मिलित है लेकिन वर्तमान में ट्रालय एण्ड रन के अन्तर्गत जलापूर्ति हो रही है। परसौना पेयजल योजना पर शिरोपरी जलाशय का कार्य 80% पूर्ण कर लिया गया है। बाउण्ड्रीवाल पम्प हाउस एवं सोलर का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। एवं पाइप लाइन का 25 किमी0 के मेन पाइप लाइन का कार्य शेष है। अन्नापुर पेयजल योजना पर 26 किमी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 18 किमी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। एवं शिरोपरी जलाशय का कार्य 90% पूर्ण कर लिया गया है। योजना को माह-अक्टूबर-2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। |

**सलंग्क-स्थलीय निरीक्षण फोटो ग्राफ संलग्न**

भवदीय

**(कमला शंकर)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः-**

**प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1- जिलाधिकारी महोदया अम्बेडकरनगर।
2- मुख्य विकास अधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर।
3- मुख्य अभियन्ता(ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) लखनऊ।
4- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अयोध्या।

**अधिशासी अभियन्ता**



Scanned with OKEN Scanner